दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 11 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 343

महत्वपूर्ण एवं खास

हरियाणा में गणेश प्रतिमा विसर्जन में 6 लोगों की डूबने से मौत

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा में दो घटनाओं में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पहली घटना में महेंद्रगढ़ जिले के झगडोली गांव में मूर्ति विसर्जन के लिए ले जा रहे 20 में से 9 लोग नहर में तेज धारा की चपेट में आ गए। जबकि चार की मौत हो गई, अन्य को जिला प्रशासन ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी घटना में सोनीपत जिले में दो लोग यमुना नदी में डूब गए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एक ट्वीट में कहा, महेंद्रगढ़ और सोनीपत जिलों में गणपति विसर्जन के दौरान नहर में डूबने से कई लोगों की मौत की खबर दिल दहला देने वाली है। इस मुश्किल घड़ी में हम सभी मृतक परिवारों के साथ खड़े हैं। एनडीआरएफ की टीम ने कई लोगों को डूबने से बचाया है, मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

कर्नाटक में महसूस किए गए भूकंप के 3 झटके, लोग घरों से निकले

बेंगलुरु (आरएनएस)। जिले के पड़ोसी जिले रामनगर में शनिवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे दहशत में आए लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। स्थानीय जिला अधिकारियों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े पांच बजे तीन झटके महसूस किए गए। जिले भर के लोगों, विशेष रूप से बारिश से प्रभावित रामनगर तालुक में लोगों ने झटके महसूस किए। भूंकप का बेज्जराहल्लीकट्टे, पदारहल्ली गांवों में प्रभाव अधिक रहा है। भूकंप के बाद जिला अधिकारी गांवों में पहुंचे और स्थिति का जायजा ले रहे हैं। भारी बारिश के कारण जिन लोगों के मवेशी, फसलें चली गई थीं, वे भूकंप के झटके से चिंतित हैं। भूकंप के झटके को लेकर अभी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

मूसेवाला हत्याकांड में 3 और गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी सफलता के रूप में पश्चिम बंगाल से सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल तीन फरार शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी पंजाब ने कहा कि यह केंद्रीय एजेंसियों की मदद से पंजाब और दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के बीच एक संयुक्त अभियान था जिसके तहत दीपक उर्फ मुंडी और उसके सहयोगियों कपिल पंडित और राजेंद्र उर्फ जोकर को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी ने आगे जानकारी देते हुए बताया, दीपक, पंडित और राजिंदर को आज एजीटीएफ (एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स) टीम द्वारा पश्चिम बंगाल-नेपाल सीमा पर एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन की परिणति में गिरफ्तार किया गया है। दीपक बोलेरो मॉड्यूल में शूटर था, पंडित और राजिंदर ने उसे हथियारों और ठिकाने सहित रसद सहायता प्रदान की थी।

हरिद्वार में जहरीली शराब पीने से 5 लोगों की मौत, प्रशासन में हड़कंप

देहरादून (आरएनएस)। हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र के फूलगढ़ शिवगढ़ ग्राम में पांच लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई है। मामले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस में हडक़ंप मच गया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। वहीं आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच रहे हैं। कच्ची शराब पीने से गांव फूल गढ़ निवासी राजू अमरपाल और भोला की मौत हो गई। वही गांव शिवगढ़ में मनोज की भी कच्ची शराब पीने से मौत हुई है बताया जा रहा है कि अमरपाल की जॉली ग्रांट व काका की एम्स ऋषिकेश में मौत हुई है।

भागलपुर में गंगा नदी में डूबकर किशोरी की मौत

भागलपुर (आरएनएस)। बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को गंगा नदी में डूबकर एक किशोरी की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तीनटंगा करारी गांव के समीप गंगा नदी की सहायक धार में मुस्कान कुमारी (12) स्नान कर रही थी। इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से उसकी डूबकर मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

सुपरफूड ज्वार की खेती को प्रोत्साहन देगी योगी सरकार

लखनऊ (आरएनएस)। कम पानी में होने वाली फसल और किसानों को अधिक लाभ देने के लिए जानी जाने वाली सुपरफूड ज्वार न सिर्फ किसानों को फायदा पहुंचाएगा, बल्कि भोजन की पोषकता भी बढ़ाएगा। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट (मोटे अनाज) वर्ष-2023 में योगी सरकार किसानों को ज्वार की खूबियां बताकर उन्हें इसकी खेती के लिए प्रोत्साहित करेगी। ज्वार में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर होते हैं। हर तरह की विटामिन, कैल्शियम, आयरन, जिंक, कॉपर, फास्फोरस की मौजूदगी की वजह से इसे भी बाजरा की तरह सुपरफूड कहा जाता है।

डायरेक्टरेट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिक्स मिनिस्ट्री ऑफ एग्रिकल्चर के 2013 से 2016 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में ज्वार की प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उपज 870 किग्रा है। इस दौरान उत्तर प्रदेश की औसत उपज 891 किग्रा रही। इस दौरान सर्वाधिक 1814 किग्रा की उपज आंध्र प्रदेश की रही। कृषि विभाग के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 2022 में इसकी उपज बढक़र 1643 किग्रा हो गई। बावजूद इसके यह शीर्ष उपज लेने वाले राज्य से कम है। उपज का यही गैप उत्तर प्रदेश के लिए संभावना भी है। खेती के उन्नत तरीके, अच्छी प्रजाति के बीजों की बुआई से इस गैप को भरा जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष का मकसद भी यही है।

उल्लेखनीय है कि मोटे अनाजों में बाजरा के बाद ज्वार दूसरी प्रमुख फसल है। यह खाद्यान्न एवं चारा दोनों रूपों में उपयोगी है। इसके लिए सिर्फ 40-60 सेंटीमीटर पानी की जरूरत होती है। लिहाजा, इसकी फसल सिर्फ वर्षा के सहारे असिंचित क्षेत्र में भी की जा सकती है।

राज्य स्तर पर दो दिन की एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें विषय विशेषज्ञ प्रदेशभर से आए प्रगतिशील किसानों को मोटे अनाज की खेती के उन्नत तरीकों, भंडारण एवं प्रसंस्करण के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिलों में भी इसी तरह के प्रशिक्षण कर्यक्रम चलेंगे।

इसी क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत जिन जिलों (झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, जालौन, प्रयागराज, हरदोई, मथुरा, फरु खाबाद आदि) में परंपरागत रूप से मोटे अनाजों की खेती होती है, उनमें दो दिवसीय किसान मेले आयोजित होंगे। इसमें वैज्ञानिकों के साथ किसानों का सीधा संवाद होगा। खूबियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैलियां निकाली जाएंगी। राज्य स्तर पर इनकी खूबियों के प्रचार-प्रसार के लिए दूरदर्शन, आकाशवाणी, एफएम रेडियो, दैनिक समाचार पत्रों, सार्वजिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर के जरिए आक्रामक अभियान भी चलाया जाएगा।

इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉक्टर डी.के. सिंह ने बताया कि भारत में तो हरित क्रांति के पहले प्राचीन काल से ज्वार सहित अन्य मोटे अनाजों की खेती की संपन्न परंपरा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात में मिलेट्स रिवॉल्यूशन की बात कर चुके हैं। भारत 2018 में मिलेट वर्ष मना चुका है। भारत के प्रस्ताव पर ही संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मोटे अनाजों की खूबियों के प्रति लोगों एवं किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है।

ज्वार की खूबियां यहीं खत्म नहीं होतीं। इसकी खेती किसी तरह की भूमि में की जा सकती है। बस उसमें जलनिकासी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए खेत की भी खास तैयारी नहीं करनी होती। यही नहीं, रोगों के प्रति प्रतिरोधी होने के कारण इसमें कीट नाशकों की जरूरत नहीं पड़ती।

विशेषज्ञों के मुताबिक, ज्वार में कोस्ट्रॉल जीरो, कैलोरी 339, कार्बोहाइड्रेट 74.3 ग्राम। फाइबर 6.3 ग्राम, प्रोटीन 11.3 ग्राम, कुल वसा 3.3 ग्राम। संतृप्त वसा 0.5 ग्राम। मोनोसेचुरेटेड वसा 1.0 ग्राम। पॉलीअनसेचुरेटेड वसा 1.4 ग्राम। ओमेगा-3 फैटी एसिड 65 मिलीग्राम और ओमेगा-6 फैटी एसिड 1305 मिलीग्राम पाए जाते हैं।

इसके अलावा, विटामिन बी 1- 0.2, विटामिन बी 2 0.1, विटामिन बी 3 2.9,

विटामिन बी 5 0.367, विटामिन बी 6 0.443, विटामिन ई 0.50, कैल्शियम 28.0, आयरन 4.4, मैग्नीशियम 165, फास्फोरस 287, पोटेशियम 350,

सोडियम 6.0, जिंक 1.7, कॉपर 0.284, सेलेनियम 12.2 पाए जाते हैं।

वर्ष क्षेत्रफल उत्पादन उत्पादकता
2021- 1.71, 2.70, 15.78
2022- 2.15 3.40 15.80

लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले 4 आतंकी गिरफ्तार, सुरक्षाबलों पर हमले के लिए तलाश रहे थे अवसर

श्रीनगर (आरएनएस)। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए संगठन के लिए काम करने वाले चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकार ने कहा कि पुलिस, सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस (सीआरपीएफ) के जवानों ने गौसियाबाद चौक चिंकीपोरा में एक संयुक्त चौकी पर दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान दो व्यक्तियों को संदिग्ध गतिविधियों के कारण रुकने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की। सतर्क सुरक्षा बलों ने हालांकि उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार लोगों के पास से दो हथगोले बरामद किए गए। दोनों की पहचान कुलोसा बांदीपोरा के शाकिर अकबर गोजरी और चिनाद बारामूला के मोहसिन वानी के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिबंधित संगठन लश्कर के लिए काम करते हैं। वे सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले करने के अवसर की लगातार तलाश में थे।

उन्होंने कहा, पकड़े गए आतंकवादियों ने जांच के दौरान अपने दो और सदस्यों के नामों का खुलासा किया। जिसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनसे हथियार तथा गोला-बारूद किया गया। हथियारों चीन निर्मित एक पिस्तौल, एक मैगजीन, 25 एके 47 राउंड, विस्फोटक सामग्री आदि शामिल है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए अन्य दो लोगों की पहचान गोसियाबाद चिंकीपोरा सोपोर के हिमायूं शारिक और नदिहाल रफियाबाद के फैजान अशरफ वानी के रूप में हुई है।

रामजन्मभूमि के सबूत खोद निकालने वाले बीबी लाल का निधन, केस में अहम थी उनकी स्टडी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व महानिदेशक पद्मश्री विभूषण प्रो. बीबी लाल का शनिवार को निधन हो गया। उनका पूरा नाम ब्रजबासी लाल और उम्र 101 साल की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि दी है। बीबी लाल को भारत का सबसे वरिष्ठ आर्कियोलॉजिस्ट माना जाता था। वह 100 साल की उम्र में भी आर्कियोलॉजी से जुड़े शोधों में और इसके लेखन में सक्रिय थे।

बीबी लाल का जन्म झांसी जिला के बैडोरा गांव में 02 मई 1921 को हुआ था। उन्होंने भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान, शिमला के निदेशक के रूप में सेवा शुरू की। बीबी लाल को साल 2000 में पद्मभूषण के सम्मान से नवाजा गया था। इसके बाद 2021 में पद्मविभूषण का भी सम्मान दिया गया था।

बीबी लाल ने महाभारत और रामायण से जुड़ी साइट्स के साथ-साथ सिंधु घाटी और कालीबंगन पर भी खूब काम किया था। उनके काम से जुड़ी तमाम किताबें और सैकड़ों रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके हैं। बीबी लाल 1968 से 1972 तक भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण विभाग के डायरेक्टर रहे। इसके अलावा वह यूनेस्को की विभिन्न समितियों में भी शामिल रहे थे। साल 1944 में सर मोर्टिमर व्हीलर ने उन्हें तक्षशिला में ट्रेनिंग दी थी।

बीबी लाल के निधन पर दुख जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि श्री बीबी लाल एक बेहतरीन शख्सियत थे। कल्चर और आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्हें एक ऐसे बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में याद किया जाएगा जिनका हमारे समृद्ध अतीत से गहरा नाता था। पीएम ने लिखा कि उनके निधन से गहरे सदमे में हूं। इसके बाद उन्होंने परिवार के साथ अपनी सांत्वना व्यक्त की।

अमित शाह ने जैसलमेर में तनोट मंदिर कॉम्प्लेक्स परियोजना का किया शिलान्यास, सीमा पर जवानों की रक्षा करती हैं तनोट माता

नई दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपनी राजस्थान यात्रा के दूसरे दिन आज जैसलमेर में सीमा पर्यटन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत श्री तनोट मंदिर कॉम्प्लेक्स परियोजना का शिलान्यास और भूमिपूजन किया। इस मौके पर अमित शाह ने जैसलमेर में तनोट विजय स्तंभ पर सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानियों को नमन कर श्रद्धांजलि भी दी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने जैसलमेर में सीमा पर्यटन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 17.67 करोड़ रूपए की श्री तनोट मंदिर कॉम्प्लेक्स परियोजना का शिलान्यास किया, जिससे यहाँ आने वाले युवा तनोट माता मंदिर के दर्शन करने के साथ ही देश के बहादुर सैनिकों के शौर्य व बलिदान के इतिहास को भी करीब से जान पाएंगे। इस परियोजना के तहत प्रतीक्षालय, रंगभूमि, इंटप्रेटेशन केंद्र, बच्चों के लिए कक्ष एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिय अन्य जरूरी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। अमित शाह ने इस मौके पर तनोट माता के दर्शन कर देश व देशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। जैसलमेर के ऐतिहासिक श्री मातेश्वरी तनोट राय मंदिर का अद्भुत इतिहास है और ऐसी मान्यता है कि तनोट माँ जवानों को दुश्मनों से लडऩे की शक्ति देती हैं और युद्ध में देश की रक्षा करती हैं।

गौरतलब है कि 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में श्री तनोट राय माता मंदिर परिसर में पकिस्तान द्वारा कई बम के गोले गिराए गये थे, लेकिन तनोट माता के चमत्कार से कोई भी गोला नहीं फटा था। वर्ष 1965 से सीमा सुरक्षा बल इस मन्दिर की पूजा अर्चना एवं व्यवस्था का कार्यभार संभाल रहा है। सीमा सुरक्षा बल इस मन्दिर को एक ट्रस्ट के माध्यम से संचालित करता है एवं प्रतिदिन सुबह-शाम माता की आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों की तादाद में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुगण आते हैं।

इतिहास गवाह है कि 1971 के भारत-पाकिस्तान लोंगेवाला युद्ध के दौरान सीमा सुरक्षा बल के बहादुर जवानों ने लोंगेवाला पोस्ट पर अहम एवं निर्णायक भूमिका अदा की थी।

बाबर आजम की तारीफ करने वाले 3 युवकों पर मामला दर्ज

कोलार (आरएनएस)। कर्नाटक के कोलार में पुलिस ने समुदाय विशेष के तीन युवकों पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम का समर्थन करने के लिये मामला दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता आर वेंकटेशप्पा के अनुसार एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को खेले गये मुकाबले में पाकिस्तान की जीत के बाद समुदाय विशेष के युवकों ने बाबर आज़म की टीम की तारीफ करते हुए अपने व्हाट्सऐप स्टेटस पर तस्वीरें और संदेश साझा किये थे।

पाकिस्तान ने करीबी मुकाबले में एक गेंद रहते भारत को हराया था। पाकिस्तान को अंतिम दो ओवरों में 26 रन चाहिये थे, लेकिन भुवनेश्वर कुमार द्वारा डाले गये 19वें ओवर में पाकिस्तान ने 19 रन जोडक़र मैच अपनी झोली में डाल लिया था। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गये मैच में लंबे इंतजार के बाद अपना 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा, जिसके बाद पाकिस्तान के कई क्रिकेटरों ने एक स्वर में कोहली की तारीफ की थी।

'जय विज्ञान जय अनुसंधान' का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है नया भारत : पीएम मोदी

अहमदाबाद (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अहमदाबाद में साइंस सिटी में आयोजित दो दिवसीय केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है।

मोदी ने इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा की तरह है जिसमें हर क्षेत्र के विकास को हर राज्य के विकास को गति देने का सामर्थ्य है। आज जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की तरफ बढ़ रहा है तो उसमें भारत की साइंस और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत अहम है। समाधान का, सॉल्यूशन का, इवोलूशन का और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर हम पिछली शताब्दी के शुरुआती दशकों को याद करें तो पाते हैं कि दुनिया में किस तरह तबाही और त्रासदी का दौर चल रहा था। लेकिन उस दौर में भी बात चाहे ईस्ट की हो या वेस्ट की हर जगह के साइंटिस्ट अपनी महान खोज में लगे हुए थे। पश्चिम में आइन्स्टाइन, फर्मी, मैक्स प्लांक, नील्स बोर, टेस्ला जैसे साइंटिस्ट अपने प्रयोगों से दुनिया को चौंका रहे थे। उसी दौर में सी वी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, एस चंद्रशेखर समेत कई वैज्ञानिक अपनी नई-नई खोज सामने ला रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करते हैं तो साइंस हमारे समाज का हिस्सा बन जाती है वो पार्ट ऑफ कल्चर बन जाती है। इसलिए आज सबसे पहला आग्रह मेरा यही है कि हम अपने देश के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को जमकर सेलिब्रेट करें। हमारी सरकार साइंस बेस्ड डेवलपमेंट की सोच के साथ काम कर रही है। 2014 के बाद से साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट में काफी वृद्धि की गई है। सरकार के प्रयासों से आज भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है जबकि 2015 में भारत 81 नंबर पर था।

उन्होंने कहा कि इस अमृतकाल में भारत को रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनाने के लिए हमें एक साथ अनेक मोर्चों पर काम करना है। अपनी साइंस और टेक्नॉलॉजी से जुड़ी रिसर्च को हमें लोकल स्तर पर लेकर जाना है। इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों को ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक संस्थानों के निर्माण पर और प्रक्रियाओं को सरल करने पर बल देना चाहिए। राज्यों में जो उच्च शिक्षा के संस्थान हैं उनमें इनोवेशन लैब्स की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए। राज्यों में राष्ट्रीय स्तर के अनेक वैज्ञानिक संस्थान होते हैं, नेशनल लेबोरेटरीज भी होती हैं। इनके सामर्थ्य का लाभ, इनकी एक्सपर्टाइज का पूरा लाभ भी राज्यों को उठाना चाहिए। हमें अपने साइंस से जुड़े संस्थानों को सिलोस की स्थिति से भी बाहर निकालना होगा।